WWW.ALLEXAMREVIEW.COM

**Serial No.**

# प्रश्न-पुस्तिका

**A**

10365

## सामान्य हिन्दी (01)

निर्धारित समय : 3 घण्टा

अधिकतम अंक : 100

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. जब तक कहा न जाए तब तक इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें।
2. परीक्षा शुरू करने से पहले परीक्षार्थी को ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में आवश्यक जानकारी निर्धारित स्थान पर अवश्य भर लेनी चाहिए।
3. सही उत्तर चिह्नित करने के लिए निर्धारित एक गोले को **काले या नीले** बॉल-प्वाइंट पेन द्वारा चिह्नित करें। एक से अधिक गोलों को काला चिह्नित न करें। एक से अधिक गोले को उत्तर के रूप में चिह्नित करने पर उस उत्तर को गलत माना जाएगा।
4. इस प्रश्न-पुस्तिका में से किसी भी पन्ने को अलग न करें। परीक्षा समाप्ति के उपरान्त ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका को कक्ष-निरीक्षक को सौंप दें।
5. प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटा जाएगा।
6. परीक्षा भवन में संगणक, मोबाइल फोन एवं पेजर को अपने पास रखना और उसका प्रयोग करना वर्जित है।
7. परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका का मूल्यांकन वैद्युतिक मशीन द्वारा होना है। अतः वे अपना अनुक्रमांक, पुस्तिका श्रेणी और पुस्तिका संख्या के गोलों को सही ढंग से भरें, अन्यथा मशीन उसका मूल्यांकन नहीं कर सकेगी। इस सूचना की अवमानना होने पर परीक्षार्थी इसके लिए स्वयं उत्तरदायी होंगे।

SEAL

WWW.ALLEXAMREVIEW.COM

1. मुहावरे के अनुसार उपयुक्त वाक्य कौन-सा है?

(A) जब मैं सोया हुआ था, तो मेरी छाती पर साँप लोट गया

(B) खेत में पड़े शव की छाती पर साँप लोट रहा था

(C) छाती पर साँप लोटते देख वह बेहोश हो गया

(D) तुम्हारी सफलता देखकर मेरी छाती पर साँप लोट गया

2. मुहावरे के अनुसार उपयुक्त वाक्य कौन-सा है?

(A) उसने खाक छानकर घर में जमा किये हैं

(B) खाक छानने से क्या होगा, रोड़ों से घर बनता है

(C) वह नौकरी पाने के लिए पूरे देश की खाक छानता फिर रहा है

(D) खाक छानकर इज्जत नहीं मिलेगी

3. मुहावरे के अनुसार उपयुक्त वाक्य कौन-सा है?

(A) नौ दो ग्यारह ही होता है, हिसाब करना नहीं आता?

(B) नौ दो ग्यारह करके ही वह उत्तीर्ण हुआ है

(C) घड़ी चुराकर वह नौ दो ग्यारह हो गया

(D) नौ दो ग्यारह अंकों का खेल है

4. Civil Engineer का सही अनुवाद क्या है?

(A) अनागरिक अभियन्ता

(B) नागरिक इंजीनियर

(C) सिविल इंजीनियर

(D) सिविल अभियन्ता

5. Archaeological Officer का सही अनुवाद क्या है?

(A) खुदाई अधिकारी

(B) पुरातत्त्व अधिकारी

(C) खनन अधिकारी

(D) खुदाई पदाधिकारी

6. Advertisement Manager का सही अनुवाद क्या है?

(A) प्रचार प्रबन्धक

(B) विज्ञापन प्रबन्धक

(C) विज्ञापन नियोजक

(D) प्रचार संयोजक

7. Executive Engineer का सही अनुवाद क्या है?

(A) कार्यकारी अभियन्ता

(B) कार्यप्रभारी अभियन्ता

(C) कार्यपालक अभियन्ता

(D) कार्यसंभारक अभियन्ता

8. External Relations Division का सही अनुवाद क्या है?

(A) वाह्य सम्बन्धी विभाग

(B) वाह्य सम्बन्ध प्रभार

(C) विदेश सम्बन्ध प्रभाग

(D) विस्तार सम्बन्धी विभाग

WWW.ALLEXAMREVIEW.COM

9. Production Engineer का सही अनुवाद क्या है?

(A) उत्पाद अभियन्ता

(B) विस्तार अभियन्ता

(C) उत्पादक अभियन्ता

(D) उत्पादन अभियन्ता

10. Machine Operator का सही अनुवाद क्या है?

(A) यंत्र वाहक

(B) मशीन प्रचालक

(C) यंत्र चलाने वाला

(D) यंत्र कार्यकर्ता

11. Administrative approval may be obtained का सही अनुवाद क्या है?

(A) प्रशासकीय अनुशंसा प्राप्त हो

(B) प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त किया जाये

(C) प्रशासनिक अनुशंसा प्राप्त की जा सकती है

(D) प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त हुआ

12. Ban on creation of posts का सही अनुवाद क्या है?

(A) पदों के सर्जन पर रोक

(B) सृजित पदों पर रोक

(C) सृजित पदों पर पाबन्दी

(D) रोके गये पदों पर सर्जन

13. Is adjourned sine die का सही अनुवाद क्या है?

(A) पूर्णतः स्थगित

(B) स्थगनादेश

(C) अनिश्चित काल के लिए स्थगित

(D) पूर्ण निषेध

14. Both days inclusive का सही अनुवाद क्या है?

(A) दो दिनों के अन्दर

(B) दो दिनों में

(C) दोनों ही दिन

(D) दोनों दिन शामिल

15. Failing which का सही अनुवाद क्या है?

(A) असफल होने पर

(B) असफलता के पश्चात्

(C) जो असफल करे

(D) ऐसा न करने पर

16. Explanation may be called for का सही अनुवाद क्या है?

(A) स्पष्टीकरण पूछा जाये

(B) जवाब तलब किया जाये

(C) व्याख्या की जाये

(D) व्याख्या करने की अनुमति दी जाये

WWW.ALLEXAMREVIEW.COM

**17.** सरकारी पत्र 'द्विभाषी' होने चाहिए। सही क्या है?

(A) अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषा में

(B) हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में

(C) अंग्रेजी और स्थानीय भाषा में

(D) अंग्रेजी और राज्यभाषाओं में

**18.** हिन्दी की लिपि क्या है?

(A) ब्राह्मी

(B) रोमन

(C) देवनागरी

(D) गुरुमुखी

**19.** किस शब्द में उपसर्ग नहीं है?

(A) प्रतिक्रिया

(B) अधिनियम

(C) बुद्धिजीवी

(D) अनमोल

**20.** इनमें से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है?

(A) कम्पनी

(B) टोपी

(C) पुलिस

(D) दही

**21.** क्या लिखना सही है?

(A) भिन्नभिन्न

(B) भिन्न$_2$

(C) भिन्न-भिन्न

(D) भिन्न$^2$

**22.** केन्द्रीय हिन्दी संस्थान कहाँ है?

(A) दिल्ली

(B) इलाहाबाद

(C) पटना

(D) आगरा

**23.** केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय कहाँ है?

(A) आगरा

(B) दिल्ली

(C) लखनऊ

(D) भोपाल

**24.** कौन-सा वाक्य सही है?

(A) घाव के ऊपर दवा लगा दो

(B) घाव के अन्दर दवा लगा दो

(C) घाव पर दवा लगा दो

(D) घाव में दवा लगा दो

WWW.ALLEXAMREVIEW.COM

**25.** कौन-सा वाक्य सही है?

(A) इन पाँचों विद्यार्थियों में राजेश ही शरारती है

(B) इन पाँचों विद्यार्थियों के बीच राजेश ही शरारती है

(C) इन पाँचों विद्यार्थियों से राजेश ही शरारती है

(D) इन पाँचों विद्यार्थियों के अन्तर्गत राजेश ही शरारती है

**26.** इनमें से कौन-सा एक स्त्रीलिंग नहीं है?

(A) नर्मदा

(B) शोण या सोन

(C) यमुना

(D) ताप्ती

**27.** 'लौहपुरुष' शब्द का सही अर्थ क्या है?

(A) लोहे का व्यक्ति

(B) लोहे की पुरुषमूर्ति

(C) लोहे के समान दृढ़निश्चयी व्यक्ति

(D) लोहे का सामान बनाने वाला

**28.** शुद्ध वाक्य कौन-सा है?

(A) प्रत्येक व्यक्तियों को शुद्ध बोलना चाहिए

(B) प्रत्येक व्यक्तियों को शुद्ध बोलनी चाहिए

(C) प्रत्येक व्यक्ति को शुद्ध बोलना चाहिए

(D) व्यक्तियों को शुद्ध बोलनी चाहिए

**29.** कौन-सा वाक्य सही है?

(A) मेरा नाम डॉ० कमल किशोर है

(B) मेरा नाम कमल किशोर है

(C) मेरा नाम श्री कमल किशोर है

(D) मेरा नाम श्रीमान कमल किशोर है

**30.** 'कोयले की दलाली में मुँह काला' का सही अर्थ कौन-सा है?

(A) कोयला काला होता है तो उसका रंग शरीर में लग जाता है

(B) कोयला-व्यवसाय बहुत बुरा है

(C) कोयला बेचने वाले दलाल होते हैं

(D) बुरे लोगों के साथ रहने से कलंक लगेगा ही

**31.** 'खोदा पहाड़ निकली चुहिया' का सही अर्थ क्या है?

(A) चुहिया ढूँढ़ने के लिए पहाड़ खोदना

(B) पहाड़ खोद-खोदकर चुहिया का पीछा करना

(C) कठिन परिश्रम करना लेकिन बहुत कम फल मिलना

(D) कठिन परिश्रम कर-करके चूहा बन जाना

**32.** 'साँप को दूध पिलाना' का सही अर्थ क्या है?

(A) नागपंचमी का पर्व

(B) साँप की पूजा करना

(C) साँप जैसे व्यक्ति को अच्छा भोजन देना

(D) दुष्ट का उपकार करना

WWW.ALLEXAMREVIEW.COM

**33.** Administer oath का सही अनुवाद क्या है?

(A) प्रशासनिक प्रतिज्ञा

(B) शपथ दिलाना

(C) शपथपूर्वक प्रशासन

(D) प्रशासन की शपथ

**34.** Administrative approval का सही अनुवाद क्या है?

(A) प्रशासन सम्बन्धी अनुशंसा

(B) प्रशासनिक अनुमोदन

(C) प्रशासन की स्वीकृति

(D) प्रशासकीय क्षमता

**35.** Appropriate technology का सही अनुवाद क्या है?

(A) उचित तकनीक

(B) उचित तकनीकी

(C) उपयुक्त प्रौद्योगिकी

(D) उपयुक्त तकनीकी

**36.** Conversion table का सही अनुवाद क्या है?

(A) परिवर्तनीय मेज

(B) परिवर्तन सारणी

(C) बदलने वाली मेज

(D) वह अंक जो परिवर्तनीय है

**37.** Inspectorate of Engineering Equipments का सही अनुवाद क्या है?

(A) अभियन्ता सर्वेक्षण उपस्कर

(B) अभियन्ता निरीक्षण उपस्कर

(C) इंजीनियरी उपस्कर निरीक्षणालय

(D) इंजीनियर निरीक्षणालय उपस्कर

**38.** Plant Inspector का सही अनुवाद क्या है?

(A) यंत्र सर्वेक्षक

(B) यंत्र निरीक्षक

(C) संयंत्र निरीक्षक

(D) संयंत्र सर्वेक्षक

**39.** सही शब्द क्या है?

(A) अभियन्त्रणा

(B) अभियन्ता

(C) अभीयन्ता

(D) अभियान्त्रण

**40.** सही क्या है?

(A) निर्माण—एक कला है

(B) निर्माण—कुशलता है

(C) निर्माण—कला और कुशलता है

(D) निर्माण—दोनों नहीं है

WWW.ALLEXAMREVIEW.COM

**41.** सही क्या है?

(A) अभियन्ता के पास परिकल्पना होनी चाहिए

(B) अभियन्ता के पास कल्पना होनी चाहिए

(C) अभियन्ता के पास परिकल्पना और तकनीक दोनों होने चाहिए

(D) अभियन्ता के पास मात्र भरोसा होना चाहिए

**42.** हिन्दी अपने ही घर में दासी हो गयी है और अंग्रेजी रानी बनी बैठी है। इस स्थिति के लिए सरकार, हमारे राजनेता, अधिकारी, कुछ स्वार्थी तत्त्व, अलगाववादी तथा स्वयं उत्तरदायी हैं।

(A) दिये गये सभी कारण उत्तरदायी हैं

(B) मात्र 'स्वयं' ही उत्तरदायी है

(C) मात्र सरकार और अधिकारी उत्तरदायी हैं

(D) इनमें से कोई उत्तरदायी नहीं है

**43.** समय को धन से भी अधिक मूल्यवान बताया गया है, क्योंकि धन खो जाने पर परिश्रम से धन कमा सकते हैं परन्तु धन के द्वारा समय नहीं कमा सकते।
सही क्या है?

(A) धन से समय खरीदा जा सकता है

(B) धन और समय दोनों परिश्रम से कमाये जा सकते हैं

(C) धन और समय दोनों समान रूप से मूल्यवान हैं

(D) धन से समय नहीं खरीदा जा सकता है

**44.** काल करै सो आज कर, आज करै सो अब।
पल में परलय होयगी, बहुरि करैगो कब।
इसका अर्थ क्या है?

(A) काल आपको आज ही समाप्त कर देगा क्योंकि प्रलय आने वाला है

(B) अभी काम करो बहुत-सा काम पड़ा है

(C) पल भर में ही प्रलय होगा अतः आज ही बहुत-सा काम कर लो

(D) जिसे कल करना है उसे आज कर लो पता नहीं पल भर में ही प्रलय आ जाये तो कार्य कब करोगे

**45.** इनमें से कौन-सा एक सही नहीं है?

(A) पुस्तकालयाध्यक्ष

(B) आवश्यकतानुसार

(C) अनाधिकार प्रवेश

(D) अभ्यासवश

**46.** सही वाक्य क्या है?

(A) सम्भवतः, वह आज बम्बई अवश्य जायेगा

(B) संभवतः आज ही वह बम्बई जायेगा

(C) वह आज बम्बई अवश्य जायेगा

(D) वह बम्बई संभवतः आज अवश्य जायेगा

**47.** सही वाक्य क्या है?

(A) कृपया करके सुहानी मौसम का मजा लें

(B) कृपया करके सुहाने मौसम का मजा लें

(C) कृपया सुहाने मौसम का मजा लें

(D) कृपया सुहानी मौसम का मजा लें

WWW.ALLEXAMREVIEW.COM

**48.** सही वाक्य क्या है?

(A) जवाहरलाल नेहरू बुद्धिमान व्यक्ति था

(B) गाँधी वकील भी था

(C) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद राष्ट्रपति थे

(D) लाल बहादुर शास्त्री प्रधानमंत्री था

**49.** इनमें से किसको राष्ट्रकवि कहा गया है?

(A) महादेवी वर्मा

(B) दिनकर

(C) निराला

(D) धर्मवीर भारती

**50.** Instrument Mechanic का सही अनुवाद क्या है?

(A) संयंत्र कारक

(B) यंत्र मैकेनिक

(C) संयंत्र सुधारक

(D) यंत्र सर्वेक्षक

**51.** इनमें से कौन-सा एक पुल्लिंग नहीं है?

(A) सागर

(B) राज्य

(C) पर्वत

(D) झील

**52.** इनमें से कौन-सा एक पुल्लिंग नहीं है?

(A) भारत

(B) लंका

(C) चीन

(D) पाकिस्तान

**53.** इनमें से कौन-सा एक पुल्लिंग नहीं है?

(A) पृथ्वी

(B) सूर्य

(C) मंगल

(D) शुक्र

**54.** सही वाक्य क्या है?

(A) कृपया बैठ जाने की कृपा करें

(B) कृपया बैठने की कृपा करें

(C) कृपया करके बैठ जायें

(D) कृपया बैठ जायें

**55.** सही वाक्य क्या है?

(A) अभियन्ताओं के मुखिया को बुलायें

(B) अभियन्ताओं के अगुवा को बुलायें

(C) अभियन्ता-प्रमुख को बुलायें

(D) तीनों में कोई सही नहीं

WWW.ALLEXAMREVIEW.COM

**56.** सही क्या है?

(A) भारी इंजीनीयरी प्रभाग

(B) हेवी इंजीनियरिंग प्रभाग

(C) हेवी इंजीनीयरी विभाग

(D) भारी इंजीनीयरी विभाग

**57.** सही क्या है?

(A) सावधानपूर्वक

(B) सावधानीपूर्वक

(C) ससावधान

(D) तीनों में कोई सही नहीं

**58.** निर्धारित विषय पर पूरा भाषण लिखकर याद कर लेने से हिचकिचाहट दूर हो जाती है। भाषण के अभ्यास से आत्मविश्वास उत्पन्न हो जाता है और बाद में बिना कण्ठस्थ किये भी भाषण दिया जा सकता है।
पढ़कर सही उत्तर बताएँ :

(A) कण्ठस्थ करने से आत्मविश्वास उत्पन्न होता है

(B) भाषण देने के लिए कण्ठस्थ करना जरूरी है

(C) भाषण देने के लिए लिखकर अभ्यास करने से आत्मविश्वास पैदा होता है।

(D) भाषण लिखकर दिया जाता है।

**59.** शब्द 'शिष्टाचार' के लिए सही क्या है?

(A) शिष्ट + अचार

(B) शिष्ट + आचार

(C) शिष्टा + चार

(D) शिः + टाचार

**60.** शब्द 'पर्यावरण' के लिए सही क्या है?

(A) परि + आवरण

(B) पर्य + आवरण

(C) पर्या + वरण

(D) पर्याव + रण

**61.** सही वाक्य क्या है?

(A) मित्र ने भोजन का निमंत्रण दिया

(B) मित्र ने भोजन का आमंत्रण दिया

(C) मित्र ने गोष्ठी का निमंत्रण दिया

(D) मित्र ने दुकान चलने का निमंत्रण दिया

WWW.ALLEXAMREVIEW.COM

62. 'अभिलेखबद्ध करना' का सही अर्थ क्या है?

(A) पुनः लिखना

(B) लिखे हुए को एकत्र करना

(C) लिखे हुए को दर्ज (रिकॉर्ड) करना

(D) लिखना

63. 'पुनर्नियुक्ति' का सही अर्थ क्या है?

(A) नियुक्ति की पुष्टि करना

(B) पुनर्नियोजन करना

(C) पुनः प्रवेश करना

(D) नियुक्ति के लिए पुनः आवेदन देना

64. 'परिशोधित टेंडर' का सही अर्थ क्या है?

(A) संशोधित टेंडर

(B) परिशोधित निविदा

(C) पुनरीक्षित निविदा

(D) पुनःप्रवर्तित निविदा

65. शब्द 'प्रत्यारोपण' के लिए सही क्या है?

(A) प्रत्य + आरोपण

(B) प्रति + आरोपण

(C) प्रत्या + रोपण

(D) प्रत्यय + रोपण

66. 'संगोष्ठी' का सही अर्थ क्या है?

(A) सभा

(B) सम्मेलन

(C) सेमिनार

(D) बैठक

67. Ground Engineer का सही अनुवाद क्या है?

(A) भू-अभियंता

(B) स्थल अभियन्ता

(C) भूमि अभियन्ता

(D) निम्न अभियन्ता

68. Flight Engineer का सही अनुवाद क्या है?

(A) हवाई अभियन्ता

(B) हवाई जहाज का अभियन्ता

(C) उड़ान अभियन्ता

(D) फ्लाइट अभियन्ता

WWW.ALLEXAMREVIEW.COM

**69.** इनमें से कौन-सा एक सही नहीं है?

(A) श्रेष्ठ—श्रेष्ठतर—श्रेष्ठतम

(B) निकट—निकटतर—निकटतम

(C) सौन्दर्य—सौन्दर्यतर—सौन्दर्यतम

(D) योग्य—योग्यतर—योग्यतम

**70.** इनमें से कौन-सा एक वाक्य शुद्ध है?

(A) उसने पुस्तक पढ़ चुकी है

(B) मैं मेरे घर जाऊँगा

(C) बच्चा नदी पर चल रहा था

(D) मैं अपने घर जाऊँगी

**71.** इनमें से कौन-सा एक सही है?

(A) सधन्यवाद सहित

(B) आपका भवदीय

(C) कृपया अनुरोध करता हूँ

(D) भवदीय

**72.** इनमें से कौन-सा एक वाक्य सही है?

(A) अनेकों कुत्ते भौंक रहे हैं

(B) मैं सकुशलपूर्वक हूँ

(C) दिल्ली में कई दर्शनीय स्थल हैं

(D) दिल्ली में कई दर्शनीय स्थल देखने योग्य हैं

**73.** शब्द 'स्वैच्छिक' के लिए सही क्या है?

(A) स्व + इच्छिक

(B) स्वै + इच्छिक

(C) स्व + ऐच्छिक

(D) स्वैच्छि + इक

**74.** इनमें से कौन-सा एक सही है?

(A) लोक में प्रचलित उक्ति को लोकोक्ति कहते हैं

(B) लोक अनुभव को लोकोक्ति कहते हैं

(C) जो लोक को पसन्द हो उसे लोकोक्ति कहते हैं

(D) लोक अनुभव से निर्मित, लोक में प्रचलित उक्ति को लोकोक्ति कहते हैं

**75.** अभियन्ताओं का सम्बन्ध इनमें से किस एक कला से मुख्य रूप से है?

(A) चित्रकला

(B) मूर्तिकला

(C) वास्तुकला

(D) काव्यकला

**76.** अभियंत्रण के क्षेत्र में कैसी शब्दावली की आवश्यकता है?

(A) साहित्यिक शब्दावली की

(B) बोलचाल की शब्दावली की

(C) वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली की

(D) संस्कृत की तत्सम शब्दावली की

WWW.ALLEXAMREVIEW.COM

**77.** 'खोज' शब्द के लिए इनमें से कौन-सा एक शब्द पर्यायवाची नहीं है या कहें कि उसका अर्थ नहीं बताता?

(A) आविष्कार

(B) शोध

(C) याचना

(D) अन्वेषण

**78.** कौन-सा एक तथ्य सही है?

(A) भाषा का शुद्ध ज्ञान पत्र-पत्रिकाओं से होता है

(B) भाषा का शुद्ध ज्ञान बोलने से होता है

(C) भाषा का शुद्ध ज्ञान व्याकरण से होता है

(D) भाषा का शुद्ध ज्ञान दूरदर्शन से होता है

**79.** 'हिन्दी दिवस' कब मनाया जाता है?

(A) पन्द्रह अगस्त को

(B) चौदह सितम्बर को

(C) पाँच सितम्बर को

(D) छः दिसम्बर को

**80.** शब्द-कोश में अर्थ ढूँढ़ने के लिए क्या जानना जरूरी है?

(A) वर्णमाला का सही क्रम

(B) शब्दों का अर्थ

(C) शब्दों का उच्चारण

(D) शब्दों का प्रयोग

**81.** निम्नलिखित शब्दों में से किस एक में सन्धि के अन्तर्गत विकार नहीं आता?

(A) निः + चल

(B) दुः + चरित्र

(C) निः + छल

(D) प्रातः + काल

**82.** किस एक शब्द में 'प्र' उपसर्ग नहीं है?

(A) प्रयोग

(B) प्रतिध्वनि

(C) प्रबल

(D) प्रयत्न

**83.** निम्नलिखित कौन-से एक शब्द में उर्दू उपसर्ग है?

(A) अवगुण

(B) सुकन्या

(C) बदचलन

(D) उत्कर्ष

**84.** 'जिज्ञासु' का अर्थ क्या है?

(A) जो जानने को उत्सुक है

(B) जो जीना चाहता है

(C) जिसमें जीने की इच्छा है

(D) जो जीना नहीं चाहता है

WWW.ALLEXAMREVIEW.COM

**85.** इनमें से किस एक का सम्बन्ध अभियांत्रिकी से नहीं है?

(A) वैद्युत अभियांत्रिकी डिप्लोमा

(B) यांत्रिक अभियांत्रिकी डिप्लोमा

(C) रसायन अभियांत्रिकी डिप्लोमा

(D) नैदानिक विकृतिविज्ञान डिप्लोमा

**86.** Leave preparatory to retirement का सही अनुवाद क्या है?

(A) सेवानिवृत्ति के पहले छोड़ दें

(B) सेवानिवृत्ति का हिसाब किया जाये

(C) सेवानिवृत्ति पूर्व छुट्टी

(D) सेवानिवृत्ति की तैयारी

**87.** As verbally instructed का सही अनुवाद क्या है?

(A) जैसा मौखिक आदेश दिया गया है

(B) मौखिक आदेशानुसार

(C) मुँहजबानी आदेश

(D) कहा गया निर्देश

**88.** Workshop Electrical Engineer का सही अनुवाद क्या है?

(A) कर्मशाला बिजली इंजीनियर

(B) कार्यशाला बिजली इंजीनियर

(C) काम करने वाला विद्युत् सम्बन्धी अभियन्ता

(D) विद्युत अभियन्ता जो कार्यशाला आयोजित करता है

**89.** सही मंत्रालय क्या है?

(A) मानव संसाधन कल्याण मंत्रालय

(B) मानव संरचना विकास मंत्रालय

(C) मानव कल्याण और विकास विभाग

(D) मानव संसाधन और विकास मंत्रालय

**90.** 'अधोगति' का अर्थ क्या है?

(A) पतन

(B) नीचे जाना

(C) ऊपर जाना

(D) नीचे उतरना

**91.** 'यह औरत टेढ़ी है' का सही अर्थ क्या है?

(A) उसका शरीर टेढ़ा है

(B) वह सीधी होकर नहीं चलती, लंगड़ाकर चलती है

(C) उसकी आकृति वक्र है

(D) वह औरत कुटिल स्वभाव की है

**92.** 'वह आदमी गाय है' का सही अर्थ क्या है?

(A) वह गाय की तरह लाभकारी है

(B) वह गाय की तरह सीधा-सादा (स्वभाव) है

(C) वह गाय की तरह पुष्ट है

(D) वह गाय की तरह मौन रहने वाला है

WWW.ALLEXAMREVIEW.COM

**93.** 'बहुव्रीहि' क्या है?

(A) सन्धि

(B) समास

(C) संज्ञा

(D) विशेषण

**94.** शुद्ध वाक्य कौन-सा है?

(A) मुझे अपार हर्ष तथा आनन्द हुआ

(B) मुझे अपार हर्ष तथा आनन्द हुए

(C) मुझे अपार हर्ष और आनन्द मिला

(D) मुझे अपार हर्ष तथा आनन्द मिले

**95.** कौन-सा पत्र सरकारी पत्र कहा जायेगा?

(A) पुत्र का पिता के पास लिखा गया पत्र, जिसमें फीस की राशि माँगी गयी है

(B) प्रधानाध्यापक का पत्र जो शिक्षा निदेशक को लिखा गया है, जिसमें विद्यालय के लिए अनुदान राशि माँगी गयी है

(C) मित्र को लिखा गया पत्र जिसमें महाविद्यालय की शिकायत की गयी है

(D) अफसर का पत्र जो अपने मित्र को लिखा गया है

**96.** सही क्या है?

(A) आय-व्यय का ब्योरा दिया जाता है

(B) आय-व्यय का वर्णन किया जाता है

(C) आय-व्यय में संख्या लिखी जाती है

(D) आय-व्यय की संविदा प्रस्तुत की जाती है

**97.** सही क्या है?

(A) इंजीनियरिंग प्रभाग का सम्बन्ध हिन्दी साहित्य से है

(B) इंजीनियरिंग प्रभाग का सम्बन्ध अंग्रेजी साहित्य से है

(C) इंजीनियरिंग प्रभाग का सम्बन्ध केवल संख्याओं से है

(D) इंजीनियरिंग प्रभाग का सम्बन्ध हिन्दी भाषा से है

**98.** क्या लिखना सही है?

(A) पुरुष अभियन्ता/नारी अभियन्ता

(B) नर अभियन्ता/नारी अभियन्ता

(C) पुरुष अभियन्ता/महिला अभियन्ता

(D) अभियन्ता/अभियन्ता (महिला)

**99.** इनमें से कौन-सा एक सही नहीं है?

(A) व्यापारिक

(B) परिवारिक

(C) सामाजिक

(D) आधुनिक

**100.** इनमें से कौन-सा एक सही नहीं है?

(A) यंत्र—यांत्रिक

(B) तंत्र—तांत्रिक

(C) तंद्रा—तंद्रिल

(D) टंकण—टांकित

★★★

SPACE FOR ROUGH WORK

WWW.ALLEXAMREVIEW.COM

SPACE FOR ROUGH WORK

WWW.ALLEXAMREVIEW.COM

SEAL